तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज न्यायालय राजस्व अपील प्राधिकारी बाड़मेर अपील संख्या 15/2018 बअनवान चुनीदेवी वगै. बनाम बखताराम वगै.	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए

16.12.2020

पत्रावली पेश हुई। अधिवक्ता उभयपक्ष उप.। अधिवक्ता अपीलांट द्वारा दिनांक 11.11.2020 को प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत आदेश 22 नियम 04 धारा 151 सी पी सी पेश किया गया जिस पर रेस्पोडेंट अधिवक्ता द्वारा बहस करते हुए अनापति जाहिर की जिसे न्यायहित में स्वीकार किया जाकर मृत्यु प्रमाण–पत्र को रिकॉर्ड पर लिये जाने के आदेश दिये जाते है तदनुसार रेस्पोडेंट संख्या 06 विलोपित किया जाता है। लाल स्याही में इस आशय का अंकन अपील शीर्षक पर कर दिया गया। उपभयपक्ष के अधिवक्ताओं की दिनांक 02.12.2020 को पेश राजीनामा पर बहस सुनी गई। बहस सुनने एवं राजीनामा पर मनन करने के पश्चात न्यायालय इस निष्कर्ष पर पहुंचा कि उभयपक्षकारों के बीच सुलह हो चुकी है एवं अब उनके बीच कोई विवाद नही रहा है। उभयपक्षकारों के अधिवक्तओं ने प्रस्तुत राजीनामा पर बहस करते हुए निवेदन किया कि उभयपक्षकारो द्वारा दिनांक 02.12.2020 को राजीनाम पेश कर न्यायालय से निवेदन किया कि तहसील गडरारोड़ के राजस्व ग्राम आसाड़ी के खेत खसरा संख्या 215 रकबा 76.04 बीघा व मौजा आसाड़ी सिंधियान के खेत खसरा संख्या 581 में रकबा 53.03 बीघा संयुक्त रकबा 129.07 बीघा में अपीलांट/वादीगण का संयुक्त रूप से 1/4 हिस्सा अर्थात अपीलांट/वादीनी चुनीदेवी का 1/8 व अपीलांट/वादी अजीताराम का 1/8 हिस्सा एवं उतरदाता/प्रतिवादी बखताराम, सगताराम व रेखादेवी का संयुक्त रूप से 1/4 हिस्सा व मानाराम का 1/2 हिस्सा है जो इसी अनुसार घोषित किया जावे। तहसील गडरारोड़ के राजस्व ग्राम गंगापुरा के खेत खसरा संख्या 923 रकबा 128.08 बीघा में अपीलांट/वादीगण की संयुक्त रूप से 1/2 हिस्सा अर्थात अपीलांट/वादीनी चुनीदेवी का 1/4 हिस्सा व अपीलांट/वादी अजीताराम का 1/4 हिस्सा एवं उतरदातागण/प्रतिवादी बखताराम, सगताराम व रेखादेवी का संयुक्त रूप से 1/2 हिस्सा है जो इसी अनुसार घोषित किया जावे।

प्रस्तुत राजीनामा पर उभयपक्षकारों के अधिवक्ताओं को सुनने पर न्यायालय इस निष्कर्ष पर पहुंचा कि राजीनामा दिनांक 02.12.2020 के अनुसार अपील स्वीकार करने में कोई आपत्ति नहीं है लिहाजा आदेश दिये जाते है कि तहसील गडरारोड़ के राजस्व ग्राम आसाड़ी के खेत खसरा संख्या 215 रकबा 76.04 बीघा व मौजा आसाड़ी सिंधियान के खेत खसरा संख्या 581 में रकबा 53.03 बीघा संयुक्त रकबा 129.07 बीघा में अपीलांट/वादीगण का संयुक्त रूप से 1/4 हिस्सा अर्थात अपीलांट/वादीनी चुनीदेवी का 1/8 व अपीलांट/वादी अजीताराम का 1/8 हिस्सा एवं उतरदाता/प्रतिवादी बखताराम, सगताराम व रेखादेवी का संयुक्त रूप से 1/4 हिस्सा व मानाराम का 1/2 हिस्सा एवं तहसील गडरारोड़ के राजस्व ग्राम गंगापुरा के खेत खसरा संख्या 923 रकबा 128.08 बीघा में अपीलांट/वादीगण की संयुक्त रूप से 1/2 हिस्सा अर्थात अपीलांट/वादीनी चुनीदेवी का 1/4 हिस्सा व अपीलांट/वादी अजीताराम का 1/4 हिस्सा एवं उतरदातागण/प्रतिवादी बखताराम, सगताराम व रेखादेवी का संयुक्त रूप से 1/2 हिस्सा घोषित किया जाता है। तहसीलदार गडरारोड़ को आदेशित किया जाता है कि वह तदनुसार राजस्व रिकॉर्ड में अमल दरामद करे। पक्षकारान खर्चा अपना–अपना व्ययन करे। पत्रावली फैशल शुमार नंबर से कम होकर बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो। आदेश सरे इजलाश सुनाया गया।

राजस्व अपील प्राधिकारी
बाड़मेर